**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 18 मई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आजकल बिना सोचे-समझे इस्तीफा मांगना आम बात हो गई है।

मीडियाकर्मियों से बातचीत में श्री विज ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री का बचाव करते हुए कहा कि वे केंद्र सरकार के सबसे सक्षम और मेहनती मंत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही यह घटना सामने आई, केंद्र सरकार ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। जांच एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं और दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाने के संबंध में श्री अनिल विज ने कहा कि भगवंत मान को शायद प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं का उद्देश्य समझ नहीं आता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशहित में विदेश यात्राएं करते हैं ताकि भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंध मजबूत हों, व्यापार बढ़े और दुनिया में भारत की स्थिति और सशक्त बने।

***********

केंद्रीय ऊर्जा, शहरी एवं आवास मंत्री मनोहर लाल ने पानीपत जिले में बेटियों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पानीपत और समालखा में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की ।

आर्य पीजी कॉलेज के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उन्होंने स्कूली छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा केवल परिवार नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के भविष्य को मजबूत करती है। समालखा क्षेत्र के वैश्य महाविद्यालय के कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने अपने अनुभव सांझा किए। केंद्रीय मंत्री ने पानीपत में साइकिल वितरण समारोह में क्षेत्र की 104 छात्राओं को तथा समालखा क्षेत्र की 144 छात्राओं को साइकिल वितरित किए।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 1000 साइकिलों का वितरण करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने इस कार्यक्रम में सिग्मा संस्था के अतुलनीय योगदान की प्रशंसा की।

***********

हरियाणा के राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद के सेक्टर-7 स्थित जनकल्याण मंदिर में करीब पौने दो करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि सरकार फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने बताया कि सेक्टर-7 में वर्षों पुरानी जलभराव समस्या के समाधान के लिए लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से नई ड्रेनेज लाइन डाली जा रही है। वहीं सेक्टर-7, 8 और 10 के चौकों पर ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करने के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी शुरू किया गया है। मंत्री ने कहा कि सेक्टर-7 स्कूल परिसर में करीब 4 करोड़ रुपये की लागत से हॉकी अभ्यास के लिए मैदान बनाया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-7 मार्केट के आधुनिकीकरण पर लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

***********

शिक्षा विभाग द्वारा पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आज से जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में पलवल,होडल,हथीन व हसनपुर खंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 80 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले सहायक जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जसवीर तेवतिया ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों को तंदरुस्त और स्वस्थ रहने के लिए योग के साथ जोड़ना है।

श्री जसवीर तेवतिया ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व स्मृतिचिन्ह भेट कर सम्मानित किया जाएगा।

***********

अग्निवीर भर्ती के लिए जनवरी-फरवरी 2026 की परीक्षा पास करने वाले सभी उमीदवारों को 23 मई को सुबह साढ़े पाँच बजे अपने मूल दस्तावेजों सहित सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी में बुलाया गया है। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के निदेशक कर्नल के संदीप ने बताया कि अग्निवीर क्लर्क / एस के टी भर्ती 2025-26 के परिणाम घोषित हो चुके है। उम्मीदवार अपना परिणाम डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट इंडियनआर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर देख सकते है।

***********